आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


# सरयू ने अपने ऊपर लगे आरोपों से जुड़े दस्तावेज को खुद एसीबी को सौंपने की पेशकश की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने अपने ऊपर लगे आरोपों से जुड़े दस्तावेज को खुद एसीबी को सौंपने की पेशकश की है। उन्होंने इस बाबत निगरानी विभाग के प्रधान सचिव को मंगलवार को पत्र भी लिखा है। सरयू का कहना है कि उनके साथ सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री रहते अनियमितता के आरोपों के संबंध में एसीबी ने विभाग से पीइ दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। एसीबी की दलील थी कि आरोप लगाने वाले ने प्रासंगिक संचिकाओं की छाया प्रतियां संलग्न की थीं। इसलिए मूल संचिकाओं से इसका मिलान करने के लिए पीइ दर्ज करना जरूरी है। इसी मामले को आगे बढ़ाते हुए सरयू राय ने कहा है कि उन्होंने आरटीआइ के जरिए सभी संचिकाओं की टिप्पणी पक्ष और पत्राचार पक्ष की छायाप्रतियां निदेशालय से हासिल की हैं। एसीबी वह छायाप्रति उनसे ले सकती है। ताकि उनके ऊपर लगे आरोपों की जांच जल्द पूरी हो सके। उन्होंने लिखा है क मैंने सूचना अधिकार के तहत उन सभी संचिकाओं की टिप्पणी पक्ष एवं पत्राचार पक्ष की छायाप्रतियां खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग एवं निदेशालय से प्राप्त किया है, जो कुल 2500 पृष्ठों में है। दरअसल, एसीबी द्वारा पीइ के लिए पिछले दिनों अनुमति मांगी गयी थी। जब सरयू राय ने कहा था कि वह सीबीआइ जांच की मांग कर चुके हैं। उन्होंने कहा था पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समर्थकों द्वारा उनके आरोपी की जांच जल्द की जानी चाहिए।

## दावा : जल्द ही पीसीसी कमेटी का गठन होगा

# हटाये गये सभी जिलाध्यक्षों को पीसीसी कमेटी में जगह दी जायेगी : राजेश ठाकुर

**जिला अध्यक्षों की सूची जारी करने में कुछ विसंगतियां थीं, इन विसंगतियों को सुलझा लिया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि बड़े-बड़े निर्णय लेने में छोटी-छोटी गलतियां हो जाती हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि हम मानते हैं कि जिला अध्यक्षों की सूची जारी करने में कुछ विसंगतियां थीं। इन विसंगतियों को सुलझा लिया गया है। श्री ठाकुर ने कहा कि काम करने के दौरान मानवीय भूल किसी से भी हो सकती है और उस भूल को सुधार लेना ही बड़ी बात है। श्री ठाकुर ने कहा कि जो लोग सभी अर्हता पूरी करने के बाद जिलाध्यक्ष बनाये गये थे और उसे उसके पद से हटाया गया है। उन लोगों के साथ भी न्याय होगा। जल्द ही राज्य पीसीसी कमेटी का गठन होना है और इस कमेटी में उन लोगों को जगह दी जायेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर मंगलवार देर शाम प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। बता दें कि रविवार को जिला अध्यक्षों की सूची जारी की गयी थी। इन सूची में अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक का प्रतिनिधित्व नहीं था। इसके बाद कई विधायक पूर्व सांसद और पार्टी के पदाधिकारियों ने इसका विरोध किया। इसके बाद केंद्रीय कमेटी ने मंगलवार देर शाम फिर से संशोधित जिला अध्यक्षों की सूची जारी की। श्री ठाकुर ने कहा कि हर एक कार्य के दो पहलू होते हैं। पिछले पांच-छह सालों से कमेटी का गठन नहीं किया गया था। मेरे प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद कमेटी का गठन हो रहा है। स्वाभाविक है की इसमें कुछ विरोध होगा। इसका अर्थ यह नहीं है कि कमेटी का गठन ही नहीं किया जाये। इसलिए हम कमेटी के गठन में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षों के साथ-साथ जिला कार्यकारी अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गयी है। इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देशानुसार केंद्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसकी भी सूची जारी कर दी है। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की. प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन. राकेश सिन्हा और तौसीफ आलम मौजूद थे।

# चीन से मशीन की खरीद में गड़बड़ी मामले में 13 लोगों को मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**2017 में सीबीआइ ने बीसीसीएल के 13 कर्मियों एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी**

**रांची।** बीसीसीएल, धनबाद में चीन से मंगायी गयी एक मशीन की खरीद में गड़बड़ी से संबंधित मामले में बीसीसीएल के तत्कालीन कर्मी राजेंद्र कुमार मुंशी, आलोक मंडल समेत 13 आरोपियों की अलग-अलग जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने इन सभी को जमानत की सुविधा प्रदान की है। यह मामला बीसीसीएल, धनबाद में वर्ष 2009 से 2016 के बीच रोड हेडर मशीन, जो चीन से मंगायी गयी थी, उसका स्पेसिफिकेशन सही नहीं होने पर सीबीआइ की जांच से जुड़ा है। मामले को लेकर वर्ष 2017 में सीबीआइ ने बीसीसीएल के 13 कर्मियों एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। सीबीआइ ने मामले में 22 सितंबर 2021 को चार्जशीट दाखिल किया था।

बता दें कि मशीन का टेंडर जिया मुसी कोल माइनिंग मशीनरी कंपनी लिमिटेड बीजिंग, चाइना को मिला था। आरोप लगा था कि मशीन का स्पेसिफिकेशन उस हिसाब से नहीं था, जिस हिसाब से टेंडर में स्पेसिफिकेशन दिया गया था। सीबीआइ का आरोप था कि बीसीसीएल के कर्मियों के कारण वह मशीन नहीं आ सकी, जिस स्पेसिफिकेशन की मशीन आनी चाहिए थी।

# लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ भाजपा का धरना

**अंधेर नगरी, क्योंकि राजा चौपट : आदित्य साहू**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्य और राजधानी की लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ भाजपा रांची महानगर जिला झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना दिया। धरना कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद आदित्य साहू राज्य के बदहाल बिजली व्यवस्था पर खूब बरसे। कहा अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत राज्य में चरितार्थ हो रही है। उन्होंने कहा कि जब रघुवर दास मुख्यमंत्री थे तब निर्बाध रूप से बिजली मिलती थी आज प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की देन है आठ दस घंटा बिजली कटी रहती है। गांव की स्थिति तो और खराब है। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार में न बिजली है न उपभोक्ता खुश हैं और न ही बिजली विभाग में काम करने वाले कर्मचारी खुश हैं। हेमंत राज में विद्यार्थी, किसान, व्यापारी, उद्यमी, मजदूर सब बिजली का दंश झेलने के लिए विवश हैं। यह सरकार निकम्मी है इसे धक्का मारकर गिराने से ही समाधान संभव है। मंगलवार को महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता के नेतृत्व में धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना को प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, आरती कुजूर, पवन साहू, सीमा शर्मा, शोभा यादव, जैलेंद्र महतो, अजय कुमार, मनोज बाजपेयी, कमाल खान, संदीप वर्मा, सूर्यप्रभात, उमेश यादव, राहुल पांडेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बलराम सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन राकेश सिंह गुड्डू ने किया। इस मौके पर प्रतुल शाहदेव, प्रेम मित्तल, हेमंत दास, मुनचुन राय, संजय जयसवाल, जितेंद्र सिंह पटेल, नीरज सिंह, अनिता वर्मा, वेद सिंह, कामेश्वर सिंह, मंजुलता दुबे, राजा सिंह, रामलगन राम, जॉनी वाकर खान, ओमप्रकाश पांडेय, सुवेश पांडेय, संतोष मिश्रा, विनोद महतो, रामजी प्रसाद सुभाष अग्रवाल, विकाश रवि, मुनेश्वर साहू, पप्पू जायसवाल, पप्पू वर्मा, दिव्या साहू, बिना मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

# किशोर बोर्ड और बाल कल्याण समिति के सदस्यों के लिए 15 दिसंबर से इंटरव्यू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार किशोर बोर्ड और बाल कल्याण समिति के रिक्त पड़े पदों को भरने को लेकर पहल कर रही है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड ने इस संबंध में नोटिस जारी किया है। बताया है कि किशोर बोर्ड में सदस्यों की नियुक्ति होनी है। बाल कल्याण समिति में अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों के लिए योग्य कैंडिडेट रखे जाने हैं। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से आवेदन मंगाये गये थे। स्क्रीनिंग के बाद इनमें से 215 अभ्यर्थियों को योग्य पाया गया है। अब 15 दिसंबर से इनका इंटरव्यू लिया जायेगा। जिन कैंडिडेटों ने कई जिलों या एक से अधिक पदों के लिए आवेदन किया है, उनका सभी आवेदित पदों के लिए एक ही बार इंटरव्यू होगा।

### इनका रखना होगा ध्यान

विभाग के अवर सचिव अरशद जमाल के मुताबिक जिन कैंडिडेट को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाना है, वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड के प्रारूप को डाउनलोड कर इसमें अपने पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकायेंगे। साथ ही बाकी जानकारियों की इंट्री के साथ इंटरव्यू में शामिल होंगे। इंटरव्यू गव्य विकास निदेशालय, प्रशिक्षण संस्थान केंद्र, धुर्वा, रांची में होगा। इंटरव्यू के समय एडमिट कार्ड और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी साथ लाने होंगे।

# गैंग्स ऑफ वासेपुर के डेफिनेट पर लगा 29 लाख की धोखाधड़ी का आरोप, केस दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हिंदपीड़ी थाने में हुई एफआइआर**

**रांची।** झारखंड के कोयलांचल और धनबाद जिले के वासेपुर पर बनी फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर में डेफिनेट नाम के किरदार को निभाने वाले और फिल्म के लेखक और अभिनेता जीशान कादरी के खिलाफ रांची के हिंदपीढ़ी थाने में ठगी के आरोप में केस दर्ज कराया गया है।

जीशान कादरी पर आरोप है कि उन्होंने एक वेब सीरीज की शूटिंग के दौरान रांची के मेन रोड स्थित होटल एवीएन ग्रैंड और एवन प्लाजा में कई कमरे बुक कराये थे। कई कलाकार वहां रुके थे। उस दौरान करीब 35 लाख रुपये का बिल बना था। शूटिंग खत्म होने के बाद उन्होंने होटल मालिक को 6 लाख रुपये ही दिये और बाकी के पैसे बाद में देने की बात कह कर चले गये। एफआइआर के मुताबिक वेब सीरीज में काम कर रही अभिनेत्री सौंदर्य शर्मा, अभिनेता अक्षय डोगरा, आदेश चौधरी, अनुप्रिया गोयनका और क्रू मेंबर सहित कई लोग होटल में रुके थे। आपको बता दें कि वेब सीरीज की शूटिंग नवंबर 2020 में हुई थी, जिसके लिए होटल के कुछ कमरे बुक कराये गये थे और करीब ढाई माह तक वहां लोग आकर रूके भी थे। केस दर्ज कराने वाले होटल एवीएन ग्रैंड के मालिक विशाल शर्मा के मुताबिक वेब सीरीज की शूटिंग समाप्त होने के बाद कुल 35 लाख रुपये के बिल में से महज 6 लाख रुपये का भुगतान किया गया और बाकी के पैसे के भुगतान की बात कहकर जीशान कादरी चले गये थे।

इसके बाद से इस बिल का अब तक भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया है कि जीशान कादरी ने जो नंबर उन्हें दिया था उसे बंद कर दिया है, जिसकी वजह से वो कादरी से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। कई बार बकाया पैसों की मांग की लेकिन हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर टाल दिया।

### यूनिफार्म पहन कर ऑटो नहीं चलाने पर होगा ऑटो जब्त : एसपी

**रांची।** रांची के ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम ने कहा कि यूनिफॉर्म पहन कर ऑटो नहीं चलाने वाले चालकों का ऑटो जब्त किया जायेगा। एसपी ने बताया कि रांची शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। ऑटो चालक संघ के प्रतिनिधि से भी बातचीत हो रही है और उन्हें भी कई निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि शहर में जाम मुक्त और सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई उचित कदम उठाये जा रहे हैं। सर्वप्रथम ऑटो चालकों को यह बताया गया है कि अपना ऑटो सड़क के किनारे लाइन से लगायें और नंबर सिस्टम से ही सवारी उठा कर एक जगह से दूसरी जगह पर जायें। गलत तरीके से ऑटो लगाने पर उसका जुर्माना लिया जायेगा।

## कार्यक्रम : 27वां श्री सुंदर कांड श्री हनुमान चालीसा पाठ समारोह का आयोजन

# श्री हनुमान जी महाराज के जयकारों से गूंजा श्री श्याम मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर श्री हनुमान जी महाराज के जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर मंगलवार संध्या को 27वां श्री सुंदर कांड श्री हनुमान चालीसा पाठ समारोह का आयोजन भव्य रूप से भक्ति व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होता है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को मंडल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा ने परिवार संघ श्री हनुमान जी महाराज की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, केला और फल का प्रसाद अर्पित कर सुगंधित इत्र चढ़ाकर अपनी मनोकामना का निवेदन किया। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया। प्रसिद्ध पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य ने साज-बाज के साथ गणेश स्तुति करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ किया और उपस्थित सैकड़ों भक्त जनों से श्री सुंदरकांड पाठ का संगीतमय पाठ करवाया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन किया गया। भक्तों ने इस दौरान भाव विभोर होकर श्री हनुमान जी महाराज की आराधना की। श्रवण ढनढनिया, प्रवीन, मंगल, राजेश सिंघानिया व संतोष पोद्दार ने क्रमश प्रसाद गिरी गोला की अनमोल सेवानिवृत्त की। इसके बाद बजरंगबली की महाआरती तथा प्रसाद वितरण समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढनढनिया, गौरव अग्रवाल, मोनू, अनिल नारनौल, राजकुमार, पप्पू, रतन शर्मा, कमल लोहिया, संजय सराफ, अरुण शर्मा, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार ओर अन्य ने व्यवस्था व प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

### 8 दिसंबर को खाटू नरेश का विशेष श्रृंगार

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर 8 दिसंबर को सुबह 8:45 बजे से श्री शालिग्राम पूजन और श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन होगा। इसके अलावा श्री सत्नारायण कथा और खाटू नरेश का विशेष श्रृंगार भी किया जायेगा। कांके रोड निवासी अजय साबू, सुषमा साबू के द्वारा खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं का विशेष श्रृंगार करवाया जायेगा। विशेष श्रृंगार दर्शन संध्या 4:30 बजे से होगा। इस दौरान साबू परिवार द्वारा पंचमेवा तथा फूल का भोग भी अर्पित किया जायेगा।

वहीं हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार 10 दिसंबर को 40 वां श्री श्याम भंडारा संध्या 5 बजे से आयेजित किया गया है। श्री मोहनलाल खुटेटा परिवार के साथ भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू में दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शारदा ग्लोबल की छात्रा को ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक



रांची (आजाद सिपाही)। सीबीएसइ इस्ट जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शारदा ग्लोबल स्कूल की ग्यारहवीं की छात्रा सृष्टि ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सनबीन स्कूल वाराणसी में किया गया। शारद ग्लोबल के अन्य विद्यार्थियों ने भी काफी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ रंजना स्वरूप तथा प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों की बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विजयी प्रतिभागीयों में सृष्टि (स्वर्ण पदक), साई कृष्णा (कांस्य पदक), इशान सिंह (कांस्य पदक), आयुष राज (कांस्य पदक), आकृति उरांव (कांस्य पदक), अविशि शिखा (कांस्य पदक) शामिल है।

### आइएसएम पुंदाग में कार्यशाला आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट पुंदाग रांची द्वारा मंगलवार को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर जागरूकता (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। इस अवसर पर आइएसएम के निदेशक डॉ. गंगा प्रसाद सिंह ने एक ऐसा समाज बनाने पर जोर दिया, जहां हमारी महिलाएं सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाली किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना समाज को कलंकित करती है। उन्होंने कहा कि आइएसएम, रांची छात्रों, कर्मचारियों और संकायों को लिंग के आधार पर भेदभाव किये बिना एक बहुत ही सुरक्षित और अवसरवादी वातावरण प्रदान करना अति आवश्यक है। कुमारी बीजू कुमारी (व्याख्याता) ने संकाय सदस्यों, बोर्ड के सदस्यों और इसे सफल बनाने में मदद करने वाले छात्रों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी



रांची (आजाद सिपाही)। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि में केंद्रीय सरना समिति द्वारा डोरंडा स्थित अंबेडकर चौक पर माल्यार्पण कर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर दलित पिछड़े समाज के मसीहा थे। उन्होंने दलित, पिछड़ों को मुख्य धारा में लाने के लिए जोर दिया। उन्हें भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुवनेश्वर लोहरा, सहाय तिर्की, प्रमोद एक्का, विनय उरांव, संजय तिर्की और अन्य शामिल थे।

### रांची रेल मंडल : महापरिनिर्वाण दिवस मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। हर वर्ष 6 दिसंबर को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर रांची रेल मंडल कार्यालय के सभाकक्ष में डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) सतीश कुमार एवं उपस्थित सभी लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा किये गये महान कार्यों एवं देश को प्रगतिशील बनाने के लिए संविधान निर्माण में उनके व्यापक योगदान का उल्लेख किया गया और उपस्थित सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को डॉ अंबेडकर के आदर्शों पर चलने और उनका पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी निशांत कुमार, मंडल के शाखा अधिकारी, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी



रांची (आजाद सिपाही)। रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन अख्तर अली के नेतृत्व में रिंड रोड मिलन चौक कांके में डॉ भीवराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अख्तर अली ने डॉ भीवराव अंबेडकर के बताये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौजूद सभी ने डॉ भीवराव अंबेडकर के चित्रपर माल्यर्पण किये। जिसमें मुख्य रूप से प्रकाश राम, सुरेश पासवान, विशाल कुमार राम, राहुल कुमार राम, ऐनुल हक, सलीम खान, उमर खान, गुलजार आंसरी, वरिश कुरैशी, गुलाम रबानी, रमजान अंसारी, मुम्तारजीर रजा, जमील अंख्तर, हुसैन अंसारी, सलीम अंसारी, समीम अंसारी, शहिद अंसारी, फारूक खान, महताब आलम, अंख्तर हुसैन, मुहम्मद हुसैन, महताब आलम, अशल अंसारी आदि अनुसूचित जाति के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### अधिवक्ता आशीर्वाद बेदिया ने 1500 वकीलों को नये साल की डायरी दी

रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को अधिवक्ता आशीर्वाद बेदिया ने रांची जिला बार एसोसिएशन के 1500 अधिवक्ताओं के बीच नये साल 2023 की डायरी वितरित की। डायरी वितरण का कार्यक्रम पहली बार रांची जिला बार एसोसिएशन में किया गया। इसलिए सभी अधिवक्ताओं ने आशीर्वाद बेदिया के इस कार्य की काफी सराहना की।

## झारखंड राज्य संघ की वरीय उपाध्यक्ष नेहा महतो से मिली अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज मधुमिता, लिया आशीर्वाद



सिल्ली (आजाद सिपाही)। बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकैडमी की अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज मधुमिता कुमारी ने बीते दिनों मथुरा में आयोजित ऑल इंडिया विमेंस नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट में इंडिविजुअल ब्रांच मेडल जीता था। मंगलवार को मधुमिता झारखंड राज्य संघ की वरीय उपाध्यक्ष नेहा महतो से मिली और उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही सिल्ली में संचालित साझा सेंटर की वर्षा खलखो और कृष चंद्र देव ने भी अध्यक्ष महोदया से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। झारखंड खेल प्राधिकरण की कार्यकारी निदेशक सरोजनी लकड़ा से साझा सेंटर के खिलाड़ी मिले। ज्ञात हो कि साझा सेंटर के तीरंदाजो ने कोलकाता में आयोजित चौथी खेलो इंडिया आर्चरी टूर्नामेंट में कृष चंद्र देव ने कंपाउंड डिवीजन में स्वर्ण पदक और वर्षा खलखो ने इंडियन राउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

## सोनाहातू कस्तूरबा विद्यालय में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर, छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों की टीम ने छात्राओं के हीमोग्लोबिन और बीपी आदि की जांच की। इस दौरान सामान्य सर्दी-खांसी और बुखार वाली छात्राओं को दवा दिया गया। इस मौके पर सोनाहातू सीएचसी के चिकित्सक व स्टाफ मौजूद थे।

## लैंप्स से गेहूं-चना के बीज का वितरण

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली लैंप्स से किसानों के बीच मंगलवार को चना व गेहूं के बीजों का वितरण किया गया। लैंप्स के गोपाल कोइरी ने बताया कि अबतक 500 किसानों के बीच 80 क्विंटल गेहूं एवं आठ क्विंटल चना बीज 90 फीसदी अनुदान पर दिया जा चुका है। इस मौके पर काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

## शिक्षकों की कमी से जूझ रहा अड़की का राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय

अड़की (आजाद सिपाही)। प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेबेद कक्षा एक से आठ तक पढ़ाई होती है जिस में मात्र एक शिक्षक है। वह भी शिक्षक पारा टीचर है। वह प्राइमरी स्कूल के शिक्षक है। उन्हें स्थानीय भाषा की जानकारी के आधार पर चयन किया गया है। वह शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर है। इस संबंध में प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि उक्त पारा टीचर गणेश कुंडू को उनके पैतृक विद्यालय में भेजें और शिक्षक की प्रतिनियुक्ति कराना सुनिश्चित करें।

## बैठक में लिया गया विद्यालय की चारदीवारी निर्माण व जमीन की मापी कराने का निर्णय

अड़की (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पुरनानगर पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुखिया, उप मुखिया, सांसद प्रतिनिधि, महिला मंडल एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। इसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान अमर सिंह माझी ने किया। ग्राम सभा में विद्यालय की चारदीवारी निर्माण एवं स्कूल की जमीन की मापी कराने का निर्णय लिया गया। बाजार सेड का निर्माण एवं बाजार की माटी अस्पताल का निर्माण एवं मापी महिला मंडल द्वारा पूर्णानगर में नासाबंदी बंद कराने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर मुखिया कृष्ण मुंडा, उप मुखिया लखीमनी कुमारी, सरिता देवी, परमेश्वर पुरान, कमलेश प्रमाणिक, समद प्रमाणित, चैतन पुरान, नीलकांत माझी, रामकुमार साहू के अलावे सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया अभियान




अड़की (आजाद सिपाही)। बीडीओ नरेन्द्र नारायण ने प्रखंड के लोंगो को जागरुक क,ने के लिए आज गमहरिया गाँव मे सुखा राहत लेने के लिए फार्म भरने की अपील किया यह15 दिसम्बर तक चलेगा किसान के खाते मै 3500 रूपया आयेगा यह सरकार की योजना के लिए परचार प्रसार किया

## डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी

सिल्ली (आजाद सिपाही)। अंबेडकर ग्राम विकास समिति की ओर से मंगलवार को सिल्ली के अंबेडकर पार्क में डॉ भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा देवी, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सुशील कुमार महतो, प्रमुख जितेंद बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, अंबेडकर ग्राम विकास समिति के अर्जुन कालिंदी, ललन कुमार, सोमरा बेदिया आदि लोगों ने बाबा साहेब के आदम कद प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हें नमन किया।

## पिपरवार में मनायी गयी संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार में डॉ भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथी महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनायी गई। इस मौके पर कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र की ओर से बचरा चार नंबर आंबेडकर चौक में एक सादा समारोह आयोजित कर बाबा साहेब को नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि छह दिसंबर 1956 को बाबा साहब का निधन हुआ था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में हुआ था। बाबा साहब का पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित था। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलित वर्ग को समाज में समानता दिलाने के लिए संघर्ष करने में लगा दिया। उनके विचारों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। इस मौके पर मुद्रिका प्रसाद, कामेश्वर राम, इकबाल हुसैन, आरएस चिवंडे, बाबूलाल राम, मुंशी राम, कौशल प्रसाद, आइडी मेहता, बसंत कुमार, लखेश्वर लाल, शमशुल होदा, तोहिद अंसारी, रामजीत राम, रूखसार आलम, देवेंद्र मलिक, बासुदेव प्रजापति, तीरथ पासवान, लाकेश्वर लाल, रविंद्र महतो, सुरेश राम, ललिंद कुमार, हरिलाल महतो, हिमांशु चटर, अजेश मुंडा और एसडी राम आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, बहेरा पंचायत भवन में ऑल इंडिया एससी/एसटी को ऑर्डिनेटर काउंसिल की ओर से परिनिर्वाण दिवस पर संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया गया। काउंसिल के चतरा जिला अध्यक्ष सचिन पासवान ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि हम लोगों को बाबा साहब के बताए मार्गों पर चलकर शिक्षित समाज का निर्माण करने से ही समाज में नई क्रांति आएगी। उन्होंने लोगों को शिक्षा पर विशेष कार्यक्रम चलाकर जागरूक करने पर बल दिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राहुल कुमार राम, मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुंडा, सोनू गुप्ता, महेश विश्वकर्मा, रविंद्र उरांव, पुष्पा देवी, सोनी कुमारी, अंजुम जहां, अजहर आलम, मोहम्मद जमाल, मोहम्मद जहीर, प्रमोद उरांव आदि मौजूद थे।

### सरकार ने लिया संज्ञान, आजाद सिपाही में छपी खबर का दिखा असर

# शुरू हुआ अड़की से बीरबाकी और बंदगाव तक का सड़क निर्माण कार्य

स्वरूप भट्टाचार्य

अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की से बीरबाकी और बंदगाव तक के सड़का का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। आजाद सिपाही के 28 अक्टूबर के अंक में उक्त खबर को प्रमुखता से छपी गयी थी। जिसमें 12 हजार लोगों के प्रभावित होने और उनके द्वारा खूंटी-तमाड पथ को जाम करने का निर्णय लिया गया था। लगभग 44 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 2019 से ही चल रहा था और ठेकेदार ने वन की भूमि बताकर काम छोड़ दिया था। इसके बाद केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा की पहल पर वन विभाग ने अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी) मिला था। इसके बाद झारखंड सरकार ने आजाद सिपाही


आजाद सिपाही में प्रकाशित खबर का असर

सरकार ने लिया संज्ञान, अड़की-बीरबांकी और बंदगाव सड़क का अधूरा काम जल्द होगा शुरू

अड़की की सात पंचायतों के ग्रामीणो की दूसरी मांगो पर भी होगा विचार

पंद्रह दिन बाद तमाड़-खूंटी रोड को अनिश्चितकाल के लिए जाम करेंगे सात पंचायत के 12000 ग्रामीण

में छपी खबर से संज्ञान में लेते हुए अंत में निर्माण कार्य को शुरू कराया है। इससे लोगों में काफी खुशी है। वहीं, आजाद सिपाही की पहल को लोगों ने सराहना की और हजारों की संख्या में ग्रामीण एकत्र होकर खूंटी डीसी आफिस के सामने 21 जुलाई को धरना भी दिये थे। डीसी ने भी आश्वासन दिया था कि 15 दिनों के अंदर काम शुरू हो जायेगा, लेकिन यह आशवासन भी कोरा साबित हुआ। फिर गामीण 27 अक्टूबर को कोरवा में एकत्रित हुए और रोड जाम करने का निर्णय लिया। इस खबर को भी आजाद सिपाही ने प्रमुखता से




खूंटी जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद भी ठेकेदार ने अधूरे पड़े कार्य को शुरू नहीं किया

पंद्रह दिन बाद तमाड़-खूंटी रोड को अनिश्चितकाल के लिए जाम करेंगे सात पंचायत के 12000 ग्रामीण

कोरवा में हुई बैठक में आंदोलन की बनी रूपरेखा, शुरू होगा जनसंपर्क अभियान

छापा था। जिसकी जानकारी पूरे राज्य में हुई। इसके बाद सरकार ने संज्ञान में लिया और सड़क का कार्य शुरू हुआ।

### पूर्व विधायक ने कहा- डॉ भीमराव अंबेडकर के सपने आज भी अधूरे हैं

# सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे बाबा साहेब : कालीचरण मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

तमाड़। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा सम्मेलन की ओर से तमाड़ में आयोजित कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि तमाड़ के पूर्व विधायक काली चरण मुंडा और विशिष्ठ अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष आरपी रंजन व समता सैनिक समाज के महासचिव चंदन सिंह गौतम शामिल हुए। अपने संबोधन में कालीचरण मुंडा ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर समावेशी विकास के



भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्माण दिवस पर बोलते पूर्व विधायक।

प्रबल पक्षधर थे। सामाजिक न्याय के अग्रदूत डॉ भीमराव अंबेडकर ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां सबको समान अधिकार एवं नीति-निर्णय से समान भागीदारी मिले, लेकिन बाबा साहेब का सपना आज भी अधूरा हैं। वहीं, आरपी रंजन ने कहा कि आज भारत की आजादी के 75 साल बाद भी अनुसूचित जाति की मिले अधिकारों पर चिंतन करना चाहिए। उनके अवसरों से वंचित शक्तियों की पहचान करनी चाहिए। दलितों को जातिवाद, बेरोजगारी, भूख, गरीबी, अन्याय, अत्याचार, अशिक्षा से सरकार ने वंचित कर रखा हैं। डॉ साहेब के विचारों को आज युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता हैं। वहीं, चंदन सिंह गौतम ने कहा कि जनजाति को संविधान प्रदत अधिकार प्रदान करने के लिए आज नये अधिकार आंदोलन का प्रारंभ करना चाहिए। इनके अलावा अन्य वक्ताओं ने प्रस्तावित अनुसूचित बालिका विद्यालय के निर्माण के लिए आंदोलन करने की बात कही। सम्मेलन को रिझू नायक, नंद कुमार, जिप सदस्य दिलीप सेठ, उमेश नायक, भीम नायक, महावीर सेठ, संजय सेठ, रेशमी देवी आदि ने भी संबोधित किया।

## बैठक में कर्रा प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा

खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ निशा कुमारी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में प्रखंड क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें एनआरएलएम, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। प्रखंड के तहत संचालित मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने श्रमिकों की मांग को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराएं। समीक्षा बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी पंचायत सचिव आदि मौजूद थे।

## खूंटी जिला प्रशासन ने अवैध बालू उठाव को लेकर की छापामारी

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला अंतर्गत अवैध बालू उठाव को लेकर मंगलवार को जिला प्रशासन की ओर से कर्रा प्रखंड के बमरजा भाटुवा व तिलमी चुटियाटोली बालू घाट पर छापामारी कर डंपिंग बालू को जब्त किया। बतातें चलें कि कर्रा व जरियागढ़ थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध बालू निकाला जा रहा है, जिसे लेकर इस दिन खूंटी एसडीएम, डीसीएलआर, और माइनिंग के संयुक्त तत्वाधान में बमरजा भाटुवा टोली व तिलमी चुटिया टोली पर कारो नदी से निकाल कर डंपिंग किए गए बालू को जब्त किया। इधर जिला प्रशासन द्वारा लगातार अवैध बालू उत्खनन को चलाते जा रहे अभियान से अवैध बालू कारोबार से जुड़े लोगों काफी हड़कंप मचा हुआ है। आये दिन अवैध बालू



उठाव व कारोबार को लेकर हाईव ट्रक मालिक, चालक के विरूद्ध कार्यवाही कि जाए रही है, लेकिन अवैध बालू का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कर्रा थाना क्षेत्र में बमरजा भाटुवा, जरियागढ़ थाना क्षेत्र के तिलमी चुटिया टोली, मास्को, बक्सपुर क्षेत्र से भारी मात्रा में कारों नदी से बालू का उठाव किया जा रहा है। बालू के अवैध कारोबार काफी बड़ी राशि के खेल जुड़ा हुआ जिससे प्रतिमाह लाखों रुपये की उगाही भी चल रही है जिसमें नदी से बालू निकलने से लेकर रांची सहित अन्य जगहों पर बेचने तक में बालू कारोबारी बड़ी राशि चुकानी पड़ती है।

## सड़क सुरक्षा के मानकों का अनुपालन कर वाहनों का परिचालन करें: पदाधिकारी

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला में सड़क सुरक्षा समिति द्वारा मंगलवार को इंडियल ऑयल कॉरपोरेशन लिमिडेट के डिपो में सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पेट्रोलियम पदार्थों का परिवहन करने वाले टैंकर चालकों को लाइसेंस, एसएलडी, यातायात नियम, सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने वाहन से संबंधित सभी कागजातों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने एसएलडी के क्रियान्वयन को अपने स्तर से जांच करने की बात कही। वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा और सड़क सुरक्षा के मानकों का अनुपालन कर वाहनों का परिचालन करने का निर्देश दिया गया। वाहनों में अवैध अल्टरेशन और प्रेशर हॉर्न का उपयोग नहीं करने को कहा।

## डॉ अंबेडकर की जीवनी को आत्मसात करें छात्र : सकलदीप

खूंटी (आजाद सिपाही)। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में छात्र छात्राओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि डॉ भीमराव ने समता, समानता, बंधुता और मानवता आधारित भारतीय संविधान को दो वर्ष 11 महीने और 17 दिन के कठिन



परिश्रम से तैयार कर 26 नवंबर 1949 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को सौंप था। उन्होंने संविधान के रूप में देश के नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और व्यक्ति की गरिमा की गौरवान्वित किया। बाबा साहेब ने मानवाधिकार जैसे दलितों एवं दलित आदिवासियों के मंदिर प्रवेश, पानी पीने, छुआछूत, जातिपाति, ऊँच-नीच जैसी सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए मनुस्मृति दहन, महाड सत्याग्रह जैसे कई आंदोलन चलाये। मरणोपरांत 1990 में उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से डॉ आंबेदकर की जीवनी को खुद पर आत्मसात करने की बात कही। मौके पर सभी छात्र छात्राएं और शिक्षक मौजूद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## एससी-एसटी-ओबीसी एकता मंच ने मनाया बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस



खलारी (आजाद सिपाही)। एससी-एसटी-ओबीसी एकता मंच की ओर से डकरा भीमराव अंबेडकर पार्क में मंगलवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित मंच के सदस्यों ने बारी-बारी से प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखा था। जिसके माध्यम से दलित पिछड़े एवं वंचित समाज आज चैन से जी रहे हैं। उन्होने देश में समतामूलक समाज की स्थापना के लिए सभी को वोट का अधिकार दिया। वंचित समाज को उनका हक अधिकार दिलाने के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था किया। जिस कारण बहुजन समाज के लोग आज देश के बड़े-बड़े पदों पर आसीन है। अंबेडकर जी ने शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो का मंत्र दिया। हमें इसका पालन करना चाहिए। इस मौके पर मदन लाल प्रसाद, बीके प्रसाद, मिथलेश पासवान, देवपाल मुंडा, बिगन सिंह भोगता, कन्हाई पासी, अमृत भोगता, अमरलाल सतनामी, रामलखन गंझू, बहुरा मुंडा, महेंद्र उरांव, जंगबहादुर राम, अनिल कुमार पासवान, रविंद्र बैठा, रामचरण सतनामी, रमेश गंझू, प्रभाकर गंझू, हरगोविंद पासवान, रविंद्र पासवान, बालेश्वर उरांव, भोला बघेल, संजय मुंडा, जगदीश गंझू, किशोर कुमार, मनोज रजक, दिलीप गंझू, दिलीप पासवान, बरतु मुंडा, नरेश यादव, अनिता एक्का, देवंती देवी, सुषमा देवी, रूबी देवी, राधा देवी आदि मौजूद थे।

## खलारी बीआरसी में गुरु गोष्ठी का आयोजन




खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी बाजारटांड स्थित बीआरसी में मंगलवार को गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रविंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित गुरु गोष्ठी में जाति प्रमाण पत्र से संबंधित प्रतिवेदन, ई-कल्याण प्रीमैट्रिक छात्रवृत्ति प्रतिवेदन, सावित्रीबाई फुले प्रतिवेदन, कीट उपयोगिता, विद्यालय विकास अनुदान, पोशाक वितरण, हथालन राशि के संबंध में विषेश रूप से चर्चा की गई। वहीं बीईओ ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में जो योजनाएं चल रही है उसे जल्द पूरा करें। पोर्टल के माध्यम से छात्रवृत्ति मिलेगा इसलिए ई-पोर्टल के माध्यम से बच्चों से संबंधित डाटा को अपलोड करना है। एमडीएम को लेकर उन्होंने कहा कि कहीं भी एमडीएम को बंद नहीं होना चाहिये। इस मौके पर सीआरपी दीपक कुमार, राजेश वर्मा, श्याम चौबे, दया प्रसाद सिंह, प्रणव परनीत लकड़ा, रंथू साहू, उतरा कुमार, नीलकंठ साहू, अमरलाल सतनामी, गंगा मगतो, कलेशर महतो, नेहा प्रसाद, अनुज कुमार गुप्ता, नागेश्वर महतो, रविन्द्र कुमार, रंजीत केशरी, राजकुमार यादव, गजाधर प्रसाद यादव, फूलचंद दिग्वार, त्रिलोकी प्रसाद, प्रमिला देवी, प्रेम कुमार, सुखदेव उरांव, बसंती टाना भगत, नेसार अहमद, रामलखन कुमार, महज्‍ु महतो, आदर्श कुमार बाजपेयी सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## संयुक्त मोर्चा ने रोहिणी परियोजना में की गेट मीटिंग



खलारी (आजाद सिपाही)। एनके एरिया सयुंक्त मोर्चा की ओर से रोहिणी परियोजना में गेट मीटिंग की गई। हाजरी घर एवं परियोजना कार्यालय रोहिणी में मजदूरों के समक्ष कोल इंडिया वेतन समझौता में हो रहे विलंब और धरना प्रदर्शन की जानकारी दी गई। मोर्चा के नेताओं ने गेट मिटिंग के माध्यम से 11वां वेतन समझौता में हो रही विलंब के प्रति अपना विरोध जताया। कहा कि केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर पूरे कोल इंडिया में नौ दिसंबर को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए कामगारों को अधिक से अधिक संख्या में एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष भारी संख्या में पहुंचने की अपील की गई। इस मौके पर अमर भूषण सिंह, प्रेम कुमार, शैलेश कुमार, सुनील कुमार सिंह, डीपी सिंह, गोल्टेन प्रसाद यादव, ध्वजा राम धोबी, रंथू उरांव, अमृत भोगता, हरेंद्र सिंह, उदय सिंह, रामा उरांव, वरूण गोराई, नंदू मेहता, सूरज प्रधान मुंडा, रामप्रवेश राम, संजय प्रसाद, गुलाब राजभर, ऋषिदेव प्रसाद, जसवंत पांडेय, राघवेंद्र पासवान, बालमुकुंद पांडेय, राजेंद्र चौहान और जगदीश चौहान आदि उपस्थित थे।

## नौ को मगध आम्रपाली एरिया में विरोध प्रदर्शन का निर्णय




खलारी (आजाद सिपाही)। कोल फील्ड मजदूर यूनियन मगध आम्रपाली एरिया की बैठक डकरा स्थित आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह और संचालन संतोष कुमार विश्वकर्मा ने किया। विनय सिंह मानकी ने कहा कि केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चा द्वारा वेतन समझौता में हो रहे विलंब को लेकर नौ दिसंबर को सभी कार्यालय के समक्ष आहूत धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया है। विनय सिंह मानकी ने कहा कि जो मजदूर अपनी खून पसीने से कोयला निकालकर कोल इंडिया को मुनाफा पहुंचाते हैं आज उनके वेतन बढ़ोतरी के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वेतन समझौता में विलंब से मजदूरों में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने सदस्यों से मगध संघमित्रा एवं आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में नौ दिसंबर को जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन करने की अपील की है। बैठक में उपेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार विश्वकर्मा, राजू मुंडा, दीपक प्रसाद, रंजीत कुमार, सतीश साव, गणेश गंझू, जीतन गंझू, सिकंदर चौहान, विकास साव, शंकर तुरी, निखिल आनंद, राजेंद्र चौहान आदि मौजूद थे।

## बॉडी बिल्डिग में मिस्टर इंडिया खिताब जीतने पर रवि गिरी का जोरदार स्वागत



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। लिटिल विंग्स स्कूल के संस्थापक रवि गिरि ने दिल्ली में आयोजित बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में मिस्टर इंडिया का खिताब जीत कर मैकलुस्कीगंज वापस पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उनके आने की खुशी में स्कूल के सभी शिक्षक, बच्चे, अभिभावकों ने मिलकर स्वागत किया और अपने हाथों से बने फूलमाला और कार्ड से सम्मानित किया। साथ ही सभी के हाथों से बनाए गए एक मीटर की गोल्ड ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने कहा कि मिस्टर इंडिया का खिताब जीतकर रवि गिरी ने मैकलुस्कीगंज क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मौके पर प्रबंधक ऋषि, प्रधानाध्यपिका सोमा मुखर्जी, शिक्षक अंशु कुमारी आदि थे।

## आरोग्यशाला परिसर में निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी आरोग्यसाला मै चारदिवारी, गार्ड रूम एवं,नर्स क्वाटर सहित अन्य कार्यों का शिलान्यास मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इसमें आरोग्यशाला परिसर की चहारदीवारी की ऊंचाई, मुख्य गेट, गार्ड रूम, संत्री पोस्ट,नर्सेस छात्रावास एवं अधीक्षक आवास का जीर्णोद्धार,प्रशासनिक भवन के गोल चक्कर में पेवर ब्लॉक बिछाने व गोल चक्कर से न्यू महिला वार्ड तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य शामिल है। मौके पर विधायक तिर्की ने कहा कि हेमंत सरकार की नजर आरोग्यशाला पर पड़ी है। इसका विकास अब तय है। कार्यक्रम में आरोग्यशाला के अधीक्षक डॉ पीके भगत,मजकूर सिद्दीकी, रमेश महली, अबू माज, बलराम गोप, हाजी अली हसन व इबू इमाम सहित अन्य शामिल थे।

## सड़क निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोका

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी साहबमोड़ से चनगनी तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य को गुलाम टोली के समीप ग्रामीणों ने मंगलवार को रोक दिया। ग्रामीणों का कहना था कि गुलाम टोली में सड़क के दोनों किनारों पर कथित रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाने के बाद ही निर्माण कार्य को करने दिया जायेगा। अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों को पूर्व में ही मांग पत्र सौंपा गया है। निर्माण कार्य बंद कराने में मुख्य रूप से इकबाल अंसारी, सइद अंसारी, इबू, सोहेल एवं अफरोज सहित अन्य शामिल थे।

## ब्रेन कैंसर से शिक्षक का निधन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मॉडल स्कूल के साइंस के शिक्षक गौतम कुमार का अपने निवास स्थल मंगल विहार तिरिल आश्रम न्यू बैंक कॉलोनी कोकर मे ब्रेन कैंसर की लंबी बीमारी की बाद निधन हो गया। उनके निधन जानकारी मिलते ही शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। गौतम कुमार को बेड़ो के मॉडल स्कूल में साइंस के शिक्षक थे जो बच्चों में काफी लोकप्रिय थे। बच्चों को हमेशा प्रोत्साहित करते रहते थे। ये अपने पीछे पिता गंगा प्रसाद साह, माता भारती देवी समेत अपने भाइयों में मिथलेश कुमार,अवधेश प्रसाद, सुमन कुमार एवं रंजन कुमार समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। इनका अंतिम संस्कार बुधवार को हरमू मुक्ति धाम में किया जायेगा। इनके निधन पर प्रोजेक्ट बालिका उच्च के प्राचार्य करम सिंह महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवशंकर कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक भिनसेन्ट सोरेन, पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका उषा सिंह, बसंत कुमार सिंह, अरुण साहू, बिजेंद्र चौबे, रेखा रानी, निर्मला मिंज, पूनम गुड़िया, राखी जयसवाल ने इनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की है।

## विधायक ने राजाडेरा पंचायत में चेकडैम निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने मंगलवार को प्रखण्ड के राजाडेरा पंचायत अंतर्गत सूपा नाला मे एकल चैकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। राज्य संपोषित योजना के तहत लघु सिंचाई प्रमंडल रांची द्वारा करीब 60 लाख रूपए की लागत से इस चैकडैम का निर्माण किया जाना है। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि इस चैकडैम के बन जाने से यहां के किसानों को कृषि कार्य मे सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। ग्रामीणों ने मौके पर विधायक को यहां सड़क सुविधा सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने आश्वासन दिया कि इस सुदूरवर्ती गांव के लोगों को बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने खासकर सड़क एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव कोशिश की जायेगी। मौके पर जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया सीमा देवी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, पंसस जानकी देवी, वन विभाग के विधायक प्रतिनिधि सिद्धिक अंसारी, कांग्रेस नेता एतवा उरांव, शिवदास गोस्वामी, जितेन्द्र महतो, सबिता देवी, अजय करमाली, सरिता देवी, छोटेलाल महतो, जॉन तिग्गा, मीडिया प्रभारी कुलेश्वर मुण्डा, अंकित मुण्डा, सुखदेव लोहरा, लखी टोप्पो, रेशमी देवी, अभिराम मुंडा, खीरू उरांव, लुथर मिंज, मनीष महतो, कंचन महतो, प्रकाश मिंज, बाहा कच्छप, मिलन तिर्की, राजु तिर्की, अशोक बेदिया, अजय मुण्डा, कृष्ण मोहन महतो, महेश तिर्की, दशरथ पहान आदि मौजूद थे।

## डीआइजी ने सिल्ली डीएसपी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** डीआइजी अनिश गुप्ता मंगलवार को अनगड़ा पहुंचे जहां उन्होंने सिल्ली डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआइजी ने तमाम फाइलों का अवलोकन किया तथा विभिन्न मामलों की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम मे एक दो मामले लंबित पाये गये। उन्होंने मौके पर डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेटा को लंबित पड़े मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। मौके पर डीआइजी ने अनगड़ा, ओरमांझी, सिकिदीरी, सिल्ली एवं मुरी ओपी के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की तथा आपराधिक गतिविधियों के नियंत्रण के संबंध मे आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### रातू में जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

# 34 वाहनों से वसूला चार लाख का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के रिंग रोड दलादिली चौक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह 08 बजे से दोपहर 04 बजे तक टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, बिना प्रदूषण प्रमाण, बिना परमिट, बिना हेलमेट एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों के अतिरिक्त झारखंड राज्य से बाहर निबंधित वाहन जिनका परिचालन रांची अंतर्गत किया जा रहा है, उनकी जाँच की गई।। कई घंटे लगातार चले चेकिंग अभियान में लगभग 124 वाहनों की जांच की गई। जिसमे हाइवा, 407, 709,909 व व्यवसायिक माल वाहक व दो पहिया वाहन शामिल है। कागजातों में वाहनों का डिफाल्टर, ओवरलोडिंग, टैक्स, पॉल्युशन, परमिट आदि की जांच की गई। जिसमें 32 वाहनों से लगभग 4 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### छह हाइवा जब्त, रातू थाने के हवाले

नियमों को ताक पर रखकर सड़क बालू-गिट्टी एवं डस्ट ढोने वाले वाहन बेखौफ होकर चल रहे हैं। जबकि, डीटीओ ने वाहन मालिक और चालक-सह चालक को सार्वजनिक नोटिस जारी कर निर्देश दिया गया था कि वाहन की क्षमता से अधिक और बिना ढंके सामग्री को लेकर न चलें। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर मोटरवाहन अधिनियम 1988 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस निर्देश का पालन नहीं करने पर व टैक्स फेल 6 हाइवा को जब्त कर रातू थाने के हवाले कर दिया गया। जब्त वाहनो में हाइवा बीआर जेड 4 जी-7789, जेएच 01डीएल-2839, जेएच 024 बी-5234, जेएच 01 सीजे-7385, जेएच 05 एएन-25387 व यूपी 92 टी-4119 शामिल है।

### 124 वाहनों की जांच, छह हाइवा रातू थाना के हवाले




### सड़क दुर्घटना में आयी कमी, यातायात नियमों का पालन करें: डीटीओ

जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश ने वाहन स्वामियों से अपील करते हुए कहा कि वाहन से संबंधित कागजात अपने साथ रखें और वाहन का परिचालन करते समय सभी कागजात अद्यतन रखें। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने की भी हिदायत दी। उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने तथा यातायात नियमों के पालन से सड़क दुर्घटना में कमी आयी है। रांची जिला में अक्टूबर 2022 तक कुल 551 सड़क दुर्घटना में 360 लोगों की मृत्यु हुई और 364 लोग घायल हुए। जबकि साल 2021 में दिसंबर तक कुल 644 सड़क दुर्घटना में 448 लोगों की जान गई थी। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा उम्मीद जतायी गई कि यातायात नियमों के पालन से आने वाले समय में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में और कमी देखने को मिलेगी।

### लापुंग प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता

# बालिका वर्ग के खिताब पर देवगांव पंचायत और बालक वर्ग के खिताब पर सापुकेरा पंचायत ने कब्जा जमाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड स्टेडियम में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता की फाइनल मैच में चमचमाती ट्रॉफी पर बालिका वर्ग में देवगांव पंचायत तथा बालक वर्ग में सापुकेरा पंचायत ने कब्जा जमाया। बालिका वर्ग में देवगांव पंचायत ने हुलसू पंचायत को 1-0 से पराजित कर मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बालक वर्ग में सापुकेरा पंचायत और लतरातु पंचायत के बीच कांटे की टक्कर में ट्राई ब्रेकर में सापुकेरा की टीम ने लतरातु पंचायत को 5-4 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कहा कि लापुंग प्रखंड को



बालिकाओं ने पूर्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायी और प्रखंड का नाम रोशन किया। अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेंदु ने कहा कि लापुंग में खिलाड़ियों की प्रतिभा ही लापुंग को एक नयी पहचान दिला सकती है। उन्होंने कहा कि स्कूली छात्र छात्राओं सहित गांव के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और बेहतर प्लेटफार्म की जरूरत है। विजेता और उपविजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेंदु, जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव, अलका तिर्की तथा हुलसु का मनोज मनबहाल होरो तथा पूर्व पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम ने संयुक्त रुप से सम्मानित किया। दौरान प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विजय रंजन तिर्की, अभय खलखो, खेल प्रशिक्षक जोलेन होरो और रंजीत प्रकाश होरो, समाजसेवी सुजीत तिर्की सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। विजेता देवगांव के बालिका और सापुकेरा के बालक वर्ग के खिलाड़ियों को जिला स्तर में खेलने के लिए भेजा जायेगा।

## ग्रामीणों की आशाओं पर पानी फेर रही है निर्माणाधीन गुलजार रोड की सड़क

**इटकी (आजाद सिपाही)।** ठेकेदार और अभियंता के मिलीभगत से कई दशकों से जीर्णोद्वार की बाट जोह रहे ग्रामीणों के आशाओं पर पानी फेर रही है निमार्णाधीन गुलजार रोड की सड़क। सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को बंद कराया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा करीब दो करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से पलमा मोड़ से तरगड़ी रहमत नगर होते हुए इटकी बाजार टांड़ के अंतिम छोर तक संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमे ग्रामीणों ने ठीकेदार पर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में सीमेंट, बालू, गिट्टी की मात्रा में अनियमितता बरती जा रही है। प्राक्कलन के विपरीत घटिया सामग्री सड़क निर्माण में लगाया जा रहा है। जिससे सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लग गया और सड़क जल्द ही खराब हो जायेगा। ग्रामीणों की सूचना पर प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख निर्माण स्थल पहुंच कर काम को बंद कराया और कहा कि प्राक्कलन के अनुसार कार्य करने पर ही आगे कार्य शुरू होने दिया जायेगा। स्थानीय संवेदक द्वारा रात्रि में सड़क का निर्माण कार्य कराया जाता है, इससे अनियमितता की आशका वलवती हो गयी, जबकि इटकी की सड़कें रांची की सड़कों से कम आवागमन होता है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य के लिए सड़क को आवागमन से रोका जाता है, तो दलाइ का कार्य क्यों नहीं दिन में कराया जाता है? ग्रामीणों के विरुद्ध पर अभियंता द्वारा जांच की रायी और गड़बड़ी पाने पर सड़क निर्माण में डाले गये घटिया सामग्री को जेसीबी से हटाया गया। उसके ऊपर पुनः दलाई करने की आदेश दिया गया।

## फ्लाइओवर निर्माण के दौरान सप्लाई पाइप कट जाने के कारण तीन पंचायत में पानी की किल्लत

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** अंचल मैदान दडदाग में लगा जल मीनार से लगभग तीन पंचायत में पीने का पानी सप्लाई की जाती है ।परंतु पिछले 15 दिनों से पीने की पानी की सप्लाई नहीं हो पाने के कारण पानी की किल्लत हो गई है। शास्त्री चौक दडदाग में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है। फ्लाइ ओवर निर्माण कार्य पानी के पाइप को शिफ्ट किये बिना ही चल रहा है। पाइप लाइन कट जाने के कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाइक, चकला मुखिया शिवनाथ मुंडा, ओरमांझी ग्राम प्रधान दीनदयाल मुंडा ने एनएचएआइ के अधिकारी और फ्लाइ ओवर निर्माण कंपनी के अधिकारी से मिलकर जल्द ही समस्या का समाधान करने को कहा नहीं तो तीनों पंचायत के ग्रामींण निर्माण कार्य को बंद करायेंगे।

## खेलो झारखंड के तहत ओरमांझी प्रखंड के स्कूली बच्चों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड के तहत ओरमांझी प्रखंड के स्कूली बच्चों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने स्कुल के साथ साथ प्रखंड का भी नाम रौशन किया है। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिले के 19 प्रखंडों के वर्ग नवम से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय ओरमांझी के कृष्णा महतो ने 3000 मीटर में प्रथम स्थान, 200 मीटर दौड़ में सनोवर परवीन ने तृतीय स्थान तथा शोट फुट (गोला फेंक) में मो. आसिक रजा खान ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय सदमा के राजेश मुंडा ने 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान एवं 1500 मीटर दौड़ में सदमा स्कूल के ही राजू मुंडा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय के नाम रोशन किया। ओरमांझी प्रखंड विजेता खिलाड़ियो को बीइइओ सीमा कुमारी, बीपीओ रीना यादव आदि ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाइक, सहदेव महतो, राजकुमार सिंह के अलावे प्रखंड के सदमा और एस एस हाइ स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।

## अधिकार को लेकर अनगड़ा के ग्राम प्रधानों ने की बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पंचायत सचिवालय अनगड़ा मे मंगलवार को प्रखण्ड के ग्राम प्रधानों की एक विशेष बैठक उमेश बड़ाइक की अध्यक्षता मे हई। बैठक मे ग्राम प्रधानों की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा प्रस्ताव पारित कर सरकार से ग्राम प्रधानों को उनका उचित हक अधिकार व सम्मान देनें की मांग की गई। मांगों मे मुख्य रूप से पेशा कानून को प्रमुखता से लागु करने, बीमा करने, ग्रामसभा को पूर्ण अधिकार देने, मासिक भता देने, अधिकारियों द्धारा मान-सम्मान देने, जमीन खरीद-बिक्री मे ग्रामप्रधान द्वारा भौतिक सत्यापन के प्रावधान को लागु करने, सीएनटी एक्ट के दुरूपयोग पर रोक लगाते हुए इसे पूर्ण रूप से लागु करने आदि शामिल है। बैठक में लोकनाथ पाहन, सोमरा उरांव, दुतिलाल बेदिया, जितेंद्र उरांव, विवेकानंद शाही, बालेश्वर बेदिया, शिवधर रजवार, धर्मनाथ पहान, बलदेव आदि ग्रामप्रधान उपस्थित थे।

### राज्यपाल के नाम पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा, आक्रोश रैली में उठायी आवाज

# आदिवासियों को एकजुट होकर हक अधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करनी होगी: जुगेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** आदिवासी समाज के लोगों को आये दिन आदिवासी महिलाओं पर हो रहे जूल्म, जबरदस्ती धर्मपरिवर्तन कराकर शादी करना एवं जमीन की खरीद बिक्री के विरुद्ध एक जुट होकर आवाज बुलंद करनी होगी। तभी आदिवासियों का हक अधिकार अक्षुण्ण बना रहेगा। उक्त बातें केंद्रीय पड़हा संचालन समिति बेड़ो के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने कहीं। वे समिति के बैनर तले महादानी मैदान बेड़ो में मंगलवार को आदिवासी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और शोषण के विरुद्ध आयोजित जन आक्रोश रैली एवं सभा में बोल रहे थे।




वर्तमान समय में आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों पर एक षड्यंत्र के तहत हमला हो रहा है। आज बड़े पैमाने पर गैर आदिवासी पुरुष द्वारा आदिवासी महिला से विवाह कर, उसे अपनी दूसरी या तीसरी पत्नी बनाकर आदिवासियों के संवैधानिक हकों को छीना जा रहा है। आदिवासियों के लिए आरक्षित विभिन्न प्रकार के पदों सरकारी नौकरियों एवं उनके जमीनों को हड़पा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाओं को एक साजिश के तहत धर्म परिवर्तन कराकर गैर आदिवासियों द्वारा पत्नी बनाकर उन्हें मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, जिला परिषद व विधान सभा का चुनाव लड़ाया जा रहा है। जिससे आदिवासियों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने पड़हा व्यवस्था की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाये रखने का आह्वान किया। इसके पूर्व समिति बैनर तले हजारों की संख्या में पड़हा समाज के लोगों ने तख्तियां, बैनर एवं पोस्टर के साथ बेड़ो में अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए एक जन आक्रोश रैली निकाली। जो विभिन्न क्षेत्रों से शुरू होकर बेड़ो बाजार टांड़, देवी मंडप, महावीर चौक, गुमला रोड एवं लोहरदगा रोड होते हुए महादानी मैदान पहुंचकर एक सभा में बदल गया। इस दौरान केंद्रीय पड़हा समिति बेड़ो के बैनर तले पड़हा समाज के लोगों ने डीएसपी रजत मणिक बाखला, सीओ सुमंत तिर्की, इंस्पेक्टर एवं थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता की मौजूदगी में पांच सूत्री मांगों का एक मांगपत्र राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा। इधर सभा में समाजसेवी शिशिर लकड़ा ने कहा कि आदिवासी महिलाओं के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करनेवाले लोगों को हरगिज नहीं बख्शा जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वार्थीतत्वों का सामाजिक वहिष्कार किया जायेगा। साथ ही इनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। जिससे आदिवासी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर अंकुश लगाया जा सके। सभा में समाजसेवी राकेश भगत ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत चुनाव के स्थान पर पड़हा व्यवस्था को लागू करना चाहिए। उन्होंने ग्राम सभा को मजबूत बनाने पर बल दिया।

### जन आक्रोश रैली एवं सभा में इन लोगों ने अपने विचार रखे

सभा में पूर्व उप प्रमुख धनंजय कुमार राय, पंचू उरांव, देवनीश तिग्गा, पूर्व मुखिया साजर तिर्की आदि ने अपने विचार रखे। इधर राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपे गये ज्ञापन में पड़हा समाज के लोगों ने आदिवासी कन्या के साथ शादी के बाद मायका से जाति प्रमाण पत्र बनाना बंद करने एवं इसे ससुराल के पते पर निर्गत करने, आदिवासियों की जमीन की खरीद बिक्री बंद करने, पूर्व में बिक्री की गई जमीन वापस करने, आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने पुत्री का धर्म परिवर्तन कराकर शादी कराने के मामले पर इस करतूत में शामिल सभी लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने, अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत चुनाव नहीं कराने, पारंपरिक पड़हा व्यवस्था को लागू करने एवं अनुसूचित क्षेत्रों में लगनेवाले बाजारों पर मासिक चुंगी वसूली का अधिकार पड़हा व्यवस्था को देने की मांग किया है। वहीं मौके पर पड़हा समाज के विश्वनाथ गोप, मुन्ना बड़ाइक, जगरनाथ उरांव, दिलीप उरांव,प्रभात टोप्पो, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप एवं मुखिया सुशांति भगत आदि मौजूद थे। सभा का संचालन सुखदेव उरांव एवं धन्यवाद ज्ञापन पंसस राखी भगत ने किया। इधर पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने करांजी मुखिया फ्रांसिका मिंज करकरी मुखिया सरिता एक्का और नबीबुल हसन पर प्राथमिकी दर्ज किये जाने का आवेदन दिया है।

